विवरण

राज्य	फसली क्षेत्र 1967-68	अन्तिम सिंचाई शक्यता	सिंचाई शक्यता 1968-69	फसली क्षेत्र का प्रतिशत	अन्तिम सिंचाई शक्यता की प्रतिशतता
1	2	3	4	5	6
मध्य प्रदेश	483	199.1	40.1	8.3	20.2
आन्ध्र प्रदेश	316	255	96.3	30.4	38.7
बिहार	269	196	87.0	32.3	44.3
गुजरात	258	95.1	34.0	13.2	35.8
महाराष्ट्र	473	113·1	46.8	9.9	41.4
उड़ीसा	184	100	43.1	23.9	43.1
राजस्थान	411	122.8	61.8	15.1	50.3
उत्तर प्रदेश	560	373	188.1	33.6	50.4

दिल्ली, कलकता, बम्बई तथा मद्रास में स्थानीय यातायात

7529. **श्री रणबहादुर सिंह:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि दिल्ली, कलकत्ता, बम्बई और मद्रास में यातायात के बोझ को घटाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है या किए जाने का विचार है ?

रेल मंत्री (श्री हनुमतैया) : चल स्टाक, टर्मिनल / खण्डीय क्षमता आदि के रूप में अपेक्षित साधनों की उपलब्धता के अनुसार अतिरिक्त गाड़ियों को चलाने, वर्तमान गाड़ियों के चालन क्षेत्र बढ़ाने और उनमें अधिक डिब्बे लगाने के लिए उपाय किये जा रहे हैं। 1970-71 वर्ष के दौरान इन चार नगरों में कुल मिलाकर 109 उपनगरीय गाड़ियां चलायी गयीं। उनका चालन क्षेत्र बढ़ाया गया। अप्रैल 1971 की समय-सारणी में 26 और गाड़ियां चलायी गयीं। चालन क्षेत्र बढ़ाया गया। इन नगरों के व्यापक परिवहन सुविधाओं के समूचे प्रश्न पर विचार करने के लिए, योजना आयोग के तत्वाधान में महानगर परिवहन पर एक अध्ययन दल का भी गठन किया गया है।